11.03 hrs

RE: Reported Raids on the Premises of Shri Amar Singh, M.P., General Secretary of Samajwadi Party

Title: Regarding reported raids on the premises of Shri Amar Singh, General Secretary of Samajwadi Party.

श्री मुलायम सिंह यादव (सम्भल) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ज्यादा समय नहीं लूंगा। अविश्वास प्रस्ताव पर इतनी गंभीर बहस हो रही है, मैं उसमें बाधा नहीं डालना चाहता लेकिन हमारी मजबूरी है। माननीय उपप्रधान मंत्री जी यहां होते तो अच्छा होता क्योंकि उन्होंने इमर्जेसी का नाम लिया था। इमर्जेसी हमने कांग्रेस की भी भोगी है और उ. प्र. सरकार की अघोषित भी हमें भोगनी पड़ रही है। कल 11 बजे से लेकर रात 2 बजे एक हजार से ज्यादा सुरक्षा बल के लोग और दर्जनों एक्साइज विभाग के आफिसर्स ने श्री अमर सिंह के यहां गाजियाबाद में छापा मारा। उन्हें पता नहीं था कि अमर सिंह जी उन कारखानों के संचालन मंडल से छः साल पहले इस्तीफा दे चुके थे। लेकिन उनके वृद्ध पिता और भाई को कितना अपमानित किया गया, यह सत्तापक्ष के सब लोग समझें। कुछ अधिकारियों ने, मैं उनका नाम नहीं लूंगा क्योंकि संसद चल रही है, कहा कि संसद के समय ही अमर सिंह जी को जेल भेजकर सबक सिखाना है, उनके खिलाफ रपट लिखवाइए। लेकिन शाम को पता चला कि वे संचालक मंडल में हैं ही नहीं। इस तरह क्या आज अघोषित इमर्जैसी नहीं है? हम जार्ज साहब से कहना चाहते हैं कि हमने इमर्जैसी कांग्रेस सरकार की भोगी है और लम्बे समय तक जेल में रहना पडा और बी जे पी के राज में भी भोग रहे हैं।(व्यवधान) यह मामूली बात नहीं है, बहुत गंभीर बात है।(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : मुलायम सिंह जी, आप जानते हैं कि सदन में नो कान्फीडैंस मोशन पर चर्चा चल रही है। इसलिए मैं आपको ज्यादा समय नहीं दे सकता।

...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : एक साल से विधान सभा में बिना बहस के बजट पास हो रहा है, क्या यह इमर्जैसी नहीं है? इसी तरह हमने पोटा के बारे में बताया था। अध्यक्ष महोदय, हम कहना चाहते हैं कि लोक सभा की एक कमेटी बनाकर जांच के लिए भेजी जाए। आखिर अमर सिंह जी सांसद हैं, समाजवादी पार्टी के महा मंत्री और प्रवक्ता भी हैं। उनके घर में छापा मारकर उनके वृद्ध पिता और भाइयों को किसलिए अपमानित किया गया।â€¦(व्यवधान) एक मंत्री अधिकारियों को आदेश देते हैं कि कुछ भी मिले या न मिले रिपोर्ट लिखाकर अमरसिंह को जेल भिजवाइये। â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : मुलायम सिंह जी, मुझे आगे के बिजनेस पर जाना है।

श्री मुलायम सिंह यादव : हमारी मांग है और अच्छा हो कि इस बारे में कोई जवाब आ जाए, नहीं तो हमारे लिए सदन चलाने में सहयोग देना थोड़ा मुश्किल हो जाएगा।(व्यवधान) यह गंभीर मामला है।(व्यवधान) संसदीय कार्य मंत्री जी, हम एक अच्छा वातावरण बनाना चाहते हैं, इसलिए आपको बताना चाहिए।(व्यवधान)

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्रीमती सुषमा स्वराज) : अध्यक्ष जी, आज प्रधान मंत्री जी इस चर्चा का जवाब देने आएंगे। जो बात अभी मुलायम सिंह जी ने रखी है, मैं उससे उन्हें अवगत करवा दूंगी और अगर उस समय वह प्रतिक्रिया देना चाहेंगे, तो जरूर दे देंगे।

SHRI K.H. MUNIYAPPA (KOLAR): Speaker, Sir, I would like to raise one of the important issues concerning my district. Bharat Gold Mines Ltd. is one of the pride industries of the country, which is giving gold to the country for the last 120 years. Under the disinvestment programme of the Government, Bharat Gold Mines has now been closed. For the last 20 months workers have not been paid their salaries and 35 workers have died. (*Interruptions*)

SHRI KIRIT SOMAIYA (MUMBAI NORTH EAST): This is not Zero Hour. (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I have allowed him to speak since a number of workers have died there.

SHRI K.H. MUNIYAPPA : The matter is pending before the Court. The Government has not placed the problems of the workers before the Court and the matter has not been settled. The workers are suffering a lot. The Government of Karnataka, under BPL, has given foodgrains to the workers for their survival. I had also given a representation to the Prime Minister but till today nothing has been done. Workers are starving. (*Interruptions*) The Australian company which is interested may be invited to take over BGML on joint venture. The workers should be given the new VRS scheme. In the interest of natural justice, I request the Government to intervene in the matter. I would request the Minister to take immediate steps in this regard.

SHRI ADHIR CHOWDHARY (BERHAMPORE, WEST BENGAL): Sir, kindly allow me for a few seconds. (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Please sit down. There is no Zero Hour today.